कक्षा ५
हिंदी

# वे दिन भी क्या दिन थे

## पाठ का सारांश

प्रस्तुत कहानी में लेखक ने भविष्य में होने वाली तकनीकी बदलावों का रोचकता के साथ वर्णन किया है । कुम्मी और रोहित नाम के दो बच्चे हैं। कुम्मी ने अपनी डायरी में 17 मई 2155 की रात को लिखा है कि रोहित को आज एक पुस्तक मिली है। जो बहुत पुरानी थी । कुम्मी के दादा ने उसे बताया कि उनके ज़माने में कहानियाँ कागज पर छपती थीं और पढ़ी जाती थीं । पुस्तक में पेज हुआ करते थे, जिनपर कहानियाँ छपी होती थीं । रोहित ने कहा कि तब तो टेलीविजन ही अच्छा है । जिसमे पुस्तक नई की नई रहती है। कुम्मी ने जब रोहित से उस पुस्तक के बारे मे पूछा तो रोहित जवाब दिया कि यह घर मे रखे एक पुराना डिब्बे से मिली है । उस पुस्तक में स्कूल के बारे में लिखा था ।
लेखक कहना चाह रहे हैं कि अब इस समय हर विध्यार्थी के घर में एक मशीन होती है । बच्चे इस मशीन के सामने बैठकर याद करना, गृहकार्य पूरा करके दिखाना जैसे काम कर लेते है ।वही मशीन बच्चों की परीक्षा भी लेती है । कुम्मी ने रोहित को मशीन से जुड़ी एक घटना के बारे में बताया कि एक बार जब उससे भूगोल में गलतियाँ होने लगीं थीं । तब एक आदमी ने आकर मशीन की गति को कुछ धीमी कर दिया था जिससे कुम्मी से गलतियां होना बंद हो गया था । इसके बाद रोहित ने कुम्मी को बताया कि पहले के जमाने मे मशीन की जगह अध्यापक होते थे। जो बच्चों को सारे विषय समझाते, गृहकार्य देते और प्रश्न पूछते थे । यह सुनकर कुम्मी और उत्सुक हो गई । और आगे रोहित ने कहा कि बच्चे स्कूल जाकर पढ़ाई किया करते थे । एक ही उम्र के सभी बच्चे एक साथ बैठते और पढ़ाई किया करते थे। कुम्मी और अधिक जानना चाहती थी लेकिन उसकी माँ ने उसे बुला लिया और दोनों अपने-अपने घर की ओर रवाना हो गए। कुम्मी जैसे ही घर पहुँची अंदर मशीन आगे की पढ़ाई कराने को तैयार थी। मशीन से आवाज आती है- सबसे पहले तुम्हें गणित सीखना है और कल का होमवर्क भी प्रस्तुत करना है । कुम्मी ने अपना काम पूरा कर लिया लेकिन कुम्मी को मशीनी की पढ़ाई से ज्यादा बेहतर पुराने जमाने का स्कूल लगता है ।
इस पाठ में, लेखक भविष्य के बारे में एक मजेदार और रोचक दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं। वे दिखाते हैं कि तकनीक के विकास से समाज में कैसे बदलाव आ सकता है।

**शब्दार्थ:**

**पुस्तक** - किताब, विद्यासागर, ग्रंथ, पोथी
**पृष्ठ** - पन्ना
**गृहकार्य** - अभ्यास, अध्ययन
**नियमित** – प्रतिदिन
**कठिन** – मुश्किल
**आरंभ** - शुरुआत
**बुद्धू** - बेवकूफ
**सदियों पहले**- वर्षों पहले, सालो पहले
**उत्सुकता**- कुछ जानने के लिए उत्सुक होना
**अध्यापक** - शिक्षक, गुरू,आचार्य
**पुर्जे-पुर्जे** - मशीन का हर भाग या हिस्सा
**रफ्तार** - गति चाल
**सबक** – पाठ
**आनंद** – मज़ा
**पश्चात्** - बाद

# प्रश्न-अभ्यास

## सोचो

**प्रश्न 1. कुम्मी के हाथ जो किताब आई थी वहकब छपी होगी?**

**उत्तर-** कुम्मी के हाथ जो किताब आई वह आज के जमाने की छपी हुई होगी।

**प्रश्न 2. रोहित ने कहा था, "कितनी पुस्तकें बेकार जाती होगी। एक बार पढ़ी और फिर बेकार हो गई"। क्या सचमुच में ऐसा होता है?**

**उत्तर-** हाँ,सचमुच ऐसा ही होता है। वे ही पुस्तकें बर्बाद होती हैं जिन्हें लोग पढ़कर फेंक देते हैं या कबाड़ी वाले को बेच देते हैं। यदि पुस्तकें पढ़कर उन्हें हिफाजत से रख दी जाए तो वे कभी बर्बाद नहीं होती बल्कि पीढ़ी-दर-पीढ़ी पढ़ी जाती हैं और उनकी उपयोगी बातें जीवन में उतारी जाती हैं।

**प्रश्न 3. कागज़ के पन्नों की किताब और टेलीविजन के पर्दे पर चलने वाली किताब।तुम इनमें से किसको पसंद करोगे? क्यों?**

**उत्तर-** मैं कागज़ के पन्नों की किताब पसंद करूंगा क्योंकि इसे कभी भी पढ़ा जा सकता है। इतना ही नहीं ऐसी किताबों को एक से अधिक बार भी पढ़ा जा सकता है, किस्तों में भी पढ़ा जा सकता है। ये सारी बातें टेलीविजन के पर्दे पर चलने वाली किताब में नहीं मिलती।

**प्रश्न 4. तुम कागज़ पर छपी किताबों से पढ़ते हो। पता करो कि कागज़ से पहले की छपाई किस-किस चीज़ पर हुआ करती थी?**

**उत्तर-** कागज से पहले की छपाई लकड़ी, पत्तो तथा धातु के बने पत्रों पर होती थी।

**प्रश्न 5. तुम मशीन की मदद से पढ़ना चाहोगे या अध्यापक की मदद से? दोनों के पढ़ाने में किस-किस तरह की सरलता और कठिनाइयाँ है?**

**उत्तर-** हम अध्यापक की मदद से पढ़ना चाहेगें। अध्यापक बच्चों को आसानी से समझा लेते हैं। लेकिन कई बार अध्यापक बच्चों को कुछ विषय नहीं समझा पाते है। वहीं मशीन से पढ़ाई में बच्चों को समझने में मुश्किल होगी। लेकिन मशीनी पढ़ाई से सभी विषयों की जानकारी आसानी से प्राप्त की जा सकती है।

## "वे दिन भी क्या दिन थे"

**बीते दिनों की प्रशंसा में कही जाने वाली यह बात तुमने कभी किसी से सुनी है? अपने बीते हुए दिनों के बारे में सोचो और बताओ कि उनमें से किस समय के बारे में तुम "वे दिन भी क्या दिन थे!" कहना चाहोगे?**

**उत्तर-** जब हम छोटे थे, तब सभी हम से बहुत प्यार करते थे। साथ ही हमारे सभी इच्छाए माता-पिता द्वारा पूरी की जाती थी। उन्हीं दिनों के लिए हम कहना चाहिए कि "वे दिन भी क्या दिन थे"!

## कल, आज और कल

**प्रश्न 1. 1967 में हिंदी में छपी इस कहानी में कल्पना की गई है कि सालों बाद स्कूल की जगह मशीनें ले लेंगी। तुम भी कल्पना करो कि बहुत सालों बाद ये चीज़ें कैसी होंगी-**

**पेन घड़ी टेलीफ़ोन / मोबाइल टेलीविजन**

**कोई और चीज के बारे में तुम सोचना चाहो......**

**उत्तर- पेन** – बहुत साल बाद पेन लेजर किरनों वाले हो सकते हैं जिनसे दूर से भी लिखा जा सकता है।

**घड़ी** – बहुत सालों बाद घड़ी कंप्यूटर के माध्यम से चलेगी तथा उनमे सुइयाँ भी नहीं होगी।

**टेलीफोन / मोबाइल** – बहुत सालों बाद टेलीफोन/मोबाइल का आकर काफी छोटा हो जाएगा और इसमें सुविधायँ भी होंगी।

**टेलीविजन** – बहुत सालों बाद टेलीविज़न काफी पतले आकर के आने लगेगें। यह दीवार पर ही लटके जा सकेंगे।

**रसोईघर का सामान** – आने वाले समय में रसोई घर में इस्तेमाल होने वाला सामान भी काफी आधुनिक होगा। इनमे बहुत सी चीज़े बिजली से चलने वाली होंगी।

**प्रश्न 2. नीचे कुछ वस्तुओं के नाम दिए गए है| बड़ों से पूछकर पता करो कि बीस साल पहले इनकी क्या कीमत थी और अब इनका कितना दाम है?**

**आलू लड्डू शक्कर दाल चावल दूध**

**उत्तर-**

| **वस्तु** | **बीस साल पहले की कीमत** | **आज़ का इनका दाम** |
|---|---|---|
| आलू | 1 – 2 पैसे कि.ग्रा. | 10 – 15 रुपए कि.ग्रा. |
| लड्डू | 4 – 5 पैसे कि.ग्रा. | 60 – 70 रुपए कि.ग्रा. |
| शक्कर | 1 – 2 पैसे कि.ग्रा. | 17 – 18 रुपए कि.ग्रा. |
| दाल | 4 – 5 पैसे कि.ग्रा. | 35 – 40 रुपए कि.ग्रा. |
| चावल | 3 – 4 पैसे कि.ग्रा. | 20 – 30 रुपए कि.ग्रा. |
| दूध | 2 – 3 पैसे कि.ग्रा. | 20 – 26 रुपए कि.ग्रा. |

**प्रश्न 3. आज हमारे कई काम कंप्यूटर की मदद से होते हैं। सोचो और लिखो की अपने व्यक्तिगत और सार्वजनिक जीवन में हम कंप्यूटर का इस्तेमाल किन-किन उद्देश्यों के लिए करते हैं?**

| **व्यक्तिगत** | **सार्वजनिक** |
|---|---|
| | |

**उत्तर-**

| व्यक्तिगत | सार्वजानिक |
|---|---|
| मनोरंजन<br>हिसाब-किताब<br><br>पढाई-लिखाई<br>विभिन्न जानकारियाँ प्राप्त करना<br>फोटोग्राफी | रेल, बस टिकिटो की बिक्री मैं<br>सार्वजानिक जानकारियाँ प्राप्त करने मैं<br><br>विभिन्न उधोगो की जानकारी<br>सूचनाएँ प्रसारित करने मैं<br>नौकर से संबधित |

**प्रश्न- जानकारी देने या लेने के लिए कई तरीके अपनाए जाते हैं। हम जो कुछ सोचते या महसूस करते हैं उसे अभिव्यक्त करने या बताने के भी कई ढंग हो सकते हैं। बॉक्स में ऐसे कुछ साधन दिए गए हैं। उनका वर्गीकरण करके नीचे दी गई तालिका में लिखो।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| संदेश<br>फ़ोन<br>चित्र<br>फैक्स | अभिनय<br>विज्ञापन<br>मोबाइल<br>इंटरनेट | रेडियो<br>नोटिस<br>टी.वी.<br>तार | नृत्य के हाव-भाव<br>संकेत-भाषा<br>मोबाइल संदेश<br>इश्तहार |

| जानकारी | भावनाएँ |
|---|---|
| | |

**ऊपर लिखी चीज़े इकतरफ़ा भी हो सकती हैं और दो तरफ़ा भी। जिन चीज़ों के ज़रिए इकतरफ़ा संप्रेषण होता है उनके आगे ( → ) का निशान लगाओ। दो तरफ़ा संवाद की चीजों के आगे ( ↔ ) का निशाँ लगाओ।**
**उत्तर-**

| जानकारी | भावनाएँ |
|---|---|
| संदेश → रेडियो → विज्ञापन → नोटिस → फोन → मोबाइल → टी.वी.→ फैक्स → इंटरनेट → इश्तहार। | अभिनय → नृत्य के हाव-भाव → संकेत भाषा → चित्र → मोबाइल संदेश → तार। |

## तुम्हारी डायरी

**प्रश्न 1. डायरी लिखना एक निजी काम या शौक है। तुम अपनी डायरी किसी और को पढ़ने को देते हो या नहीं यह तुम्हारी अपनी मर्ज़ी है। कई व्यक्तियों ने अपनी डायरियाँ छपवाई भी हैं, ताकि अन्य लोग उन्हें पढ़ सकें। ऐसी ही कोई डायरी खोजकर पढ़ो और उसका कोई अंश कक्षा में सुनाओ।**

**उत्तर –** छात्र पुस्तकालय से प्राप्त कर डायरी पढ़कर कक्षा में सुनाएं ।

**प्रश्न 2. अपनी डायरी बनाओ और उसमें खुद से जुड़ी बातें लिखो।**

**उत्तर-** मैं पांचवीं कक्षा में पढ़ता हूँ। मुझे पढ़ना-लिखना बहुत अच्छा लगता है। इसलिए मुझे सभी बहुत प्यार करते हैं। मैं पढ़ाई के साथ खेल-कूद में भी आगे रहता हूँ। मैं अपने से बड़ों का आदर छोटों से प्यार करता हूँ। सुबह जल्दी उठना और रात को जल्दी सोना मेरी आदत है। मैं रोज सुबह ईश्वर की वंदना और गुरुजनों को प्रणाम करता हूँ।

**प्रश्न 3. डायरी में तुम अपने स्कूल के बारे में क्या करना चाहोगे?**

**उत्तर-** डायरी में हम अपने स्कूल की गुण विशेषता और यहाँ होने वाली पढ़ाई के बारे मिलना चाहूंगें।

## तुम भी कल्पना करो

**दोस्तों के साथ बात काके अंदाजा लगाओ के 50 साल बाद इसमें क्या-क्या बदल जाएगा-**

- **फ़िल्मों में ____________________.**
- **गाँव की हालत में ____________________.**
- **तुम्हारी परिचित किसी नदी में ____________________.**
- **स्कूल में ____________________.**

**उत्तर-**

फिल्मो में आधुनिकता का प्रयोग की जाने लगेगी। व यह कम समय की हो जाएगी।

गाँव की हालत में काफ़ी सुधर हो जाएँगें। गाँव में सभी सुविधाएँ उपलब्ध होने लगेंगी।

हमारी परिचित नदी में जलस्तर कम हो जाएगा ओ इसका पानी भोई दूषित हो जाएगा।

स्कूल काफ़ी विकसित हो जाएंगें और कॉपी पाकर काम कम हो जाएगा।

## था, है, होगा

**प्रश्न 1. असीमोव की कहानी 2155 यानी भविष्य में आने वाले समय के बारे है। फिर भी कहानी में 'थे' का इस्तेमाल हुआ है जो बीते समय के बारे में बताता है। ऐसा क्यों हैं?**

**उत्तर-** कहानी में 'थे' शब्द का इस्तेमाल भूतकाल की घटनाओं को बताने के लिए किया गया है। क्योंकि यह कहानी भविष्य के आधार पर लिखी गई है।

**प्रश्न 2. (क) 'जब मुझे बहुत दर लगा था...' 'मैं जब छोटा था..' इस शीर्षक से जुड़े किसी अनुभव का वर्णन करो।**

**उत्तर-** जब मैं बहुत छोटा था तो मैं कमरे में अकेला नहीं रहता था क्योंकि एक बार मैं कमरे में अकेला था, तब एक अजीब सी आवाज सुनाई दी जिससे मुझे बहुत डर लगा। तभी से मैं अंधेरे कमरे में अकेले नहीं रहता।

Free worksheets, Learning material, practice tests & more at www.onepointlearning.com

**(ख) तुम्हें ‘ मै ’ शीर्षक से एक अनुच्छेद लिखना है। अपने स्वभाव, अच्छाइयों, कमियों, पसंद – नापसंद के बारे में सोचो और लिखो। या किसी मैच का आँखों देखा हाल ऐसे लिखो मानो वह अभी तुम्हारी आँखों के सामने हो रहा है।**

**उत्तर-** मैं सीधा-सादा लड़का हूँ। वे अपने से बड़ों की सही बातें मानता हूँ। साथ ही उनका आदर-सम्मान भी करता हूँ। लेकिन मैं थोड़ा जिद्दी भी जरूर हूँ। मुझे बाज़ार का खाना-पीना बहुत पसंद है। साथ ही मुझे खेलना बहुत अच्छा लगता है। लेकिन मुझे घर में अकेले रहना बिल्कुल भी पसंद नहीं है। मैच का आँखों देखा हाल दर्शकों की मैदान में भीड़ है। बल्लेबाजी गेंद खेलने के लिए बिल्कुल तैयार खड़ा है। इधर गेंदबाज गेंद लेकर भागने लगा। गेंदबाज जैसे ही गेंद फेकी बल्लेबाज ने एक जोरदार हिट लगाया। गेंद सीमा रेखा की तरफ से जा रही है और ये चार रन। इसके साथ ही बल्लेबाजी करने वाली टीम ने मैच जीत लिया। सभी खिलाड़ी दोड़ते आए और अपने बल्लेबाज पीठ थपथपाने लगे।

**(ग) अगली छुट्टियों में तुम्हें नानी के पास जाना है। वहाँ तुम क्या – क्या करोगे, कैसे वक्त बिताओगे – इस पर एक अनुच्छेद लिखो।**

**उत्तर-** मैं अपनी नानी घर जाऊँगा। वहाँ मैं खेतों और बागों में घूमूँगा। मैं अपने नाना-नानी के साथ बहुत सारी बातें करूंगा। मैं बकरी, गाय, भैंस आदि जानवर के साथ भी खेलूंगा। घोड़े की सवारी के अलावा मैं गांव में मिलने वाली मिठाइयों तथा दूसरी खाने-पीने की चीजों का भरपूर आनंद लूंगा तुमने जो 3 अनुच्छेद लिखे हैं उनमें से पहले का संबंध उनसे है जो बीत चुका है। दुसरे मैं अभी की बात है और तीसरे मैं बाद में घटने वाली घटना का वर्णन है। इन अनुच्छेद में इस्तेमाल किए गए क्रियाओं को ध्यान से देखो। यह बीते हुए, अभी के और बाद के समय के बारे में बताती है।

Free worksheets, Learning material, practice tests & more at www.onepointlearning.com